# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 06 दिसम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 68

## देश में बनेगी 1023 फास्ट ट्रैक अदालतें

### » महिलाओं के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों पर बोली सरकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बलात्कार, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा और बच्चों के यौन उत्पीड़न को रोकने संबंधी कानून पाक्सो के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिये देश भर में 1023 फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने का राज्यों को प्रस्ताव भेजा गया है। इसे 16 राज्यों ने स्वीकार कर लिया है।**



केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने गुरुवर को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का शीघ्र निस्तारण सरकार के लिये प्राथमिकता है। इसके तहत गंभीर आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिये देश में 704 फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित हो गयी हैं और ये कार्यरत भी हैं। इसके अलावा बलात्कार सहित महिला हिंसा से जुड़े अन्य मामलों और पॉक्सो के मामलों के लिये 1023 फास्ट ट्रैक अदालतें बनाने के प्रस्ताव को 16 राज्यों ने स्वीकृति प्रदान की है और 420 अदालतों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि इनमें से 161 अदालतें कार्यरत हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निपटारे के लिए देश भर में गठित विशेष अदालतों में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में मात्र एक विशेष अदालत नाकाफी होने संबंधी पूरक प्रश्न के जवाब में प्रसाद ने कहा कि उन्होंने इस बारे में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इस चिंता से अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने विशेष न्यायालयों के गठन की दिशा में सकारात्मक पहल की है। आपराधिक मामलों के निस्तारण से जुड़े एक पूरक प्रश्न के उत्तर में प्रसाद ने बताया कि 2015 से इस साल तीन दिसंबर तक 1.17 करोड़ मामले निपटा दिये गये।

## राज्यसभा में शामिल हुए पी चिदंबरम

### » जेल से रिहा होने पर बोले:सरकार मेरी आवाज नहीं दबा सकती



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य पी. चिदंबरम तिहाड़ जेल से छूटने के एक दिन बाद गुरूवार की सुबह संसद भवन पहुंचे। चिदंबरम ने वहां पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ प्याज की आसमान छूती कीमतों को लेकर संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।

इस दौरान चिदंरबम ने कहा केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार संसद में मेरी आवाज नहीं दबा सकती है। इसके साथ ही, पी. चिदंबरम ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण पर भी प्याज को लेकर दिए बयान पर निशाना साधा। चिदंबरम ने कहा कि वित्तमंत्री ने कल कहा कि वे प्याज नहीं खाती है। तो फिर वे क्या खाती हैं? क्या वे एवोकैडो खाती हैं।

कांग्रेस सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्याज की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया जिसमें पी चिदंबरम के अलावा गौरव गोगोई, अधीर रंजन चौधरी, कुमारी शैलजा, के सुरेश, कार्ति चिदंबरम आदि ने हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसदों के हाथों में पोस्टर थे जिस पर लिखा था कि महंगाई पर प्याज की मार, बंद करो मोदी सरकार । वे प्याज की कीमत कम करने के लिये कदम उठाने की मांग भी कर रहे थे। कांग्रेस सांसद अपने साथ एक टोकरी प्याज भी लेकर आए थे।

गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा था कि सरकार ने देश में प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिये कई कदम उठाये हैं जिनमें इसके भंडारण से जुड़े ढांचागत मुद्दों का समाधान निकालने के उपाय शामिल हैं। गौरतबल है कि आईएनएक्स मीडिया केस में सीबीआई ने कांग्रेस नेता चिदंबरम को सीबीआई ने 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था। 106 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली और उसके बाद वे वहां से छूटकर बुधार को घर आए। उनके ऊपर वित्त मंत्री रहते हुए आईएनएक्स मीडिया को विदेशी फंड पाने के लिए अवैध तरीके से मंजूरी देने का आरोप है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### समुद्री लुटेरों ने हांगकांग के जहाज में सवार 18 भारतीयों का किया अपहरण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नाइजीरियाई तट के पास समुद्री लुटेरों ने हांगकांग के झंडे वाले जहाज में सवार 18 भारतीयों का अपहरण कर लिया। समुद्री घटनाओं पर नजर रखने वाली एक वैश्विक एजेंसी ने यह जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि जहाज सुरक्षित है और नाइजीरियाई नेवी की निगरानी में है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीयों के अपहरण की खबरों के बाद नाइजीरिया में स्थित भारतीय मिशन ने घटना से संबंधित जानकारियों का पता लगाने और अपहृत भारतीयों को बचाने के लिए अफ्रीकी राष्ट्र के अधिकारियों से संपर्क किया। जहाजों की गतिविधियों को ट्रैक करने वाले 'एआरएक्स मैरीटाइम' ने अपनी वेबसाइट पर बताया है कि जहाज को मंगलवार को समुद्री डाकुओं ने अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने जहाज पर सवार 19 लोगों का अपहरण कर लिया गया, जिनमें से 18 भारतीय और एक तुर्की नागरिक है। तीन दिसंबर की शाम को नाइजीरियाई तट के पास से गुजरते समय हांगकांग के झंडे वाले 'वीएलसीसी, एनएवीई कान्स्टलेशन' पर समुद्री लुटेरों ने हमला किया।


### सबरीमला मंदिर में प्रवेश संबंधी नई याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय सबरीमला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश को लेकर एक नई याचिका की सुनवाई अगले सप्ताह करेगा।महिला याचिकाकर्ता बिंदु अमिनी की ओर से वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख किया। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद बिंदु अमीनी सबरीमला मंदिर में दाखिल होने की कोशिश की थीं, लेकिन उनके ऊपर मिर्च पाउडर से हमला किया गया था। सुश्री जयसिंह और प्रशांत पद्मनाभन ने मामले की गंभीरता का ध्यान रखते हुए त्वरित सुनवाई का अनुरोध किया। न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में अगले हफ्ते सुनवाई करेगा।

### महिला से छेड़खानी और लूटपाट के आरोप में ऑटो ड्राइवर गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ और लूटपाट के आरोपी एक ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार किया है. 43 वर्षीय चालक को पुलिस ने मुखर्जी नगर इलाके से पकड़ा है. घटना मंगलवार रात की है. मामले से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक ऑटोवाले ने रात में महिला से छेड़छाड़ और लूट की वारदात को अंजाम दिया था. इस घटना के बाद महिला ने मुखर्जी नगर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी. इसी के आधार पर पुलिस ने छेड़छाड़ और लूट के आरोप में एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर की रात ड्राइवर ने ऑटो में बैठी महिला से छेड़छाड़ की थी और उसे सुनसान इलाके में लेकर गया था. ऑटो चालक के नीयत पर महिला को शक हो गया और उसने भागकर अपनी जान बचाई.

## नीरव मोदी को मुंबई की अदालत ने किया आर्थिक भगोड़ा घोषित



**मुंबई (आरएनएस)।** पंजाब नैशनल बैंक धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी और हीरा कारोबारी नीरव मोदी को मुंबई की अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है. प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर एक विशेष अदालत में ये फैसला सुनाया गया. नीरव मोदी, विजय माल्या के बाद दूसरा ऐसा कारोबारी है जिसे नए भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत भगोड़ा आर्थिक अपराधी करार दिया गया है. ये अधिनियम पिछले साल अगस्त में प्रभाव में आया था.

नीरव मोदी और उसका चाचा मेहुल चोकसी पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी है. यह गारंटी पत्र जारी करने में कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है जिसकी वजह से सरकारी बैंक को दो अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था. नीरव मोदी को 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. तब से वो दक्षिण-पश्चिम लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है. इससे पहले बुधवार को ब्रिटेन की एक अदालत ने सुनवाई के दौरान नीरव मोदी की हिरासत की अवधि बढ़ा दी. उन्हें दो जनवरी को जेल से वीडियो लिंक के जरिये पेश होने को कहा है. नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक के साथ दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण कार्रवाई से बचने के लिए लड़ाई लड़ रहा है. नीरव मोदी वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में लंदन की वांड्सवर्थ जेल से अपनी 28 दिन की शुरुआती सुनवाई के लिए पेश हुआ. न्यायाधीश गैरेथ ब्रैंस्टन ने फिर से पुष्टि की है कि प्रत्यर्पण पर सुनवाई अगले साल 11 मई को शुरू होगी और यह पांच दिन चलेगी.

## राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर गुरुवार को नई दिल्ली में नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि नर्सें गुणवत्ता के साथ कम लागत में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाती हैं। विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से जुड़ी जिम्मेदारियों को संभालने तथा व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति में नर्स समुदाय का विशेष योगदान है। आगे उन्होंने कहा कि दुनिया में देखभाल और करुणा की अत्यधिक आवश्यकता है और नर्सें वास्तव में सेवा, सुश्रुषा व करुणा की प्रतीक हैं। रोगियों और उनके परिवारों के लिए, नर्स स्वास्थ्य सेवाओं का चेहरा हैं। राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2020 को नर्स और मिड-वाइफ वर्ष घोषित किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों की अत्यधिक संख्या है, जिन्हें उचित और जरूरी वृद्धावस्था चिकित्सा व देखभाल की आवश्यकता होती है। भारत में, परिवार ही बड़ों की वृद्धावस्था में देखभाल करते हैं। हालांकि, बदलती जीवनशैली के साथ बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए पेशेवर देखभाल करने वालों की मांग बढ़ रही है। देखभाल से जुड़े इन सेवा प्रदाताओं का प्रशिक्षित नर्स होना जरूरी नहीं है। वृद्धावस्था चिकित्सा व देखभाल में बुनियादी प्रशिक्षण से इस प्रकार के सेवा प्रदाताओं को तैयार किया जा सकता है और यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से इन्हें लाभ प्रदान करेगा। हमारे नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ऐसे देखभाल करने वाले लोगों के लिए लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने पर विचार कर सकते हैं।

## पंद्रहवें वित्त आयोग ने 2020-21 के लिए अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह और आयोग के सदस्यों- अजय नारायण झा, अशोक लाहिड़ी, रमेश चंद्र, अनूप सिंह और सचिव अरविंद मेहता ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और आवश्यक कार्रवाई के लिए वित्त वर्ष 2020-21 की आयोग की रिपोर्ट पेश की। आयोग ने रिपोर्ट में दिए गए सुझावों से राष्ट्रपति को अवगत कराया।

15वें वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 27 नवंबर, 2017 को किया था, ताकि वह 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2025 तक की पांच वर्षीय अवधि के लिए सुझाव दे सके। राष्ट्रपति की अधिसूचना में आयोग के संबंध में विस्तृत संदर्भ सामग्री दी गई है।

इसके उपरांत 27 नवंबर, 2019 के गजट अधिसूचना के आधार पर 15वें वित्त आयोग के यह अधिकार दिया गया कि वह वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अपनी रिपोर्ट 30 नवंबर, 2019 तक सौंप दे तथा उसके बाद 01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि की अपनी अंतिम रिपोर्ट 30 अक्टूबर, 2020 तक सौंपे।

## राष्ट्रपति 6 से 8 दिसम्बर को राजस्थान और ओडिशा का दौरा करेंगे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 6 से 8 दिसम्बर तक राजस्थान और ओडिशा का दौरा करेंगे। 6 दिसम्बर को राष्ट्रपति माउंट आबू में ब्रह्मकुमारी के मुख्यालय जाएंगे और वहां सामाजिक परिवर्तन के लिए महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सात दिसम्बर को राष्ट्रपति अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, जोधपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे और उसी दिन जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। आठ दिसम्बर को राष्ट्रपति ओडिशा के खुर्दा में बारूनेई हिल स्थित पाइका विद्रोह के स्मारक का शिलान्यास करेंगे। इसी दिन वे भुवनेश्वर में उत्कल विश्वविद्यालय के प्लेटिनम जुबली उत्सव के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।

## संसद में गूंजा छत्तीसगढ़ में आईटीबीपी जवानों के बीच हुई गोलीबारी का मुद्दा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने छत्तीसगढ़ में आईटीबीपी के जवानों के बीच हुई गोलीबारी का मुद्दा उठाया और अर्द्धसैनिक बलों में ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार से जवानों की मनौवैज्ञानिक मदद की दिशा में कदम उठाने के लिए उपाय करने की मांग की गई।

शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए चौधरी ने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही है लेकिन नौसेना, वायु सेना आदि में ऐसी घटनाएं सुनने को नहीं मिलती। उन्होंने दावा किया कि अर्द्धसैनिक बलों में ऐसी घटनाएं शायद इसलिये हो रही हैं कि उन्हें उपयुक्त सुविधा और माहौल संभवतरू नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिए और हर रेजिमेंट में जवानों को मनौवैज्ञानिक मदद मुहैया कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिये नौसेना, वायुसेना के अनुभवों का भी लाभ उठाना चाहिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कैंप में एक कॉन्स्टेबल ने अपने 5 साथियों को गोली मार दी और बाद में हमलावर जवान की भी मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री ने छात्रों को तनाव मुक्त परीक्षा का दिया सुझाव



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को छात्रों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने का सुझाव दिया। उन्होंने 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिये एक प्रतियोगिता शुरू करने की घोषणा भी की जिसके विजेताओं को अगले वर्ष 'परीक्षा पे चर्चा' में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि परीक्षाएं करीब आ रही हैं और परीक्षा पे चर्चा भी। हम सभी मिलकर तनाव मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिये काम करें। मोदी ने कहा कि वह 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिये अनोखी प्रतियोगिता शुरू कर रहे हैं। इसके विजेता अगले वर्ष परीक्षा पे चर्चा 2020 में हिस्सा ले सकेंगे। प्रधानमंत्री के ट्वीट के साथ जारी माईजीओवीडॉटइनलिंक में कहा गया है कि 2018 और 2019 में परीक्षा पे चर्चा की जबर्दस्त सफलता और उत्साह को देखते हुए एक बार फिर परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा पे चर्चा 2020 न केवल बोर्ड की परीक्षाओं और अन्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले युवा छात्रों का तनाव दूर करने में मदद करेगी बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने और उनसे सवाल पूछने का भी अवसर प्रदान करेगी। परीक्षा पे चर्चा के तीसरे संस्करण के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद की तिथि से पूर्व क्वालीफाई करने वाले प्रतिभागी को सूचित किया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल कक्षा 9 वीं से 12 वीं कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को पांच विषयों में से किसी एक पर उपलब्ध कराए गए सवाल का अधिकतम 1500 अक्षरों में जवाब लिखना है।

## जीईएम प्लेटफॉर्म आम आदमी के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए:गोयल



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा रेल मंत्री पीयूष गोयल ने वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश के साथ आज नई दिल्ली में तीसरे राष्ट्रीय सार्वजनिक क्रय सम्मेलन का उद्घाटन किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) द्वारा दो दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

अपने उद्घाटन भाषण में पीयूष गोयल ने कहा कि जीईएम गति, कौशल और मापन का प्रतीक है, जो किसी ई-मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म में अनिवार्य है। गोयल ने कहा कि जीईएम खुलापन, निष्पक्षता और समावेशन के तीन स्तंभों पर आधारित है तथा यह एक सचमुच पारदर्शी ई-मार्केटप्लेस का प्रतीक है।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के दौरान जीईएम के भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देश लागू किया जाएगा, जो भारत सरकार का, राज्य सरकारों के सभी मंत्रालयों एवं विभागों तथा स्थानीय निकायों के लिए सभी सरकारी क्रय को एक साथ जोड़ देगा। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि दो दिन के विचार-विमर्श के दौरान एक कार्रवाई योग्य कार्य सूची उभर कर सामने आएगी, जिससे भविष्य में जीईएम पोर्टल पर निविदाओं के रूप में कार्य अनुबंधों की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा, उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जीईएम पोर्टल को अगले स्तर तक ले जाने के क्रम में, इसका परीक्षण किया जा सकेगा कि किस प्रकार सार्वजनिक उपक्रमों, मंत्रालयों एवं विभागों के संविदाकारों और उप-संविदाकारों द्वारा जीईएम प्लेटफॉर्म से क्रय की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने दो दिन के सम्मेलन के लिए हजारों पंजीकृत संगठनों से सुझावों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के दौरान भागीदारों एवं दर्शकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रानिक सामग्रियों, सड़क सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा, फर्नीचर सामग्रियों, खेल सामग्रियों, स्वास्थ्य देखभाल सामग्रियों, दूरसंचार, जीआईएस समाधानों, घरेलू सामानों और माल ढुलाई सेवाओं से जुड़े 62 स्टॉल लगाये गये हैं।

इस अवसर पर जीईएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तल्लीन कुमार और जीईएम तथा वाणिज्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।